महत्वपूर्ण एवं खास

वर्चुअल डाक अदालत का आयोजन 22 मई को

रायगढ़। भारतीय डाक विभाग रायगढ़ संभाग द्वारा 22 मई 2025 को प्रात: 11 बजे से कार्यालय अधीक्षक डाकघर, कोतरा रोड, कॉमर्स कालेज के पास रायगढ़ में वर्चुअल डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभागीय अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं से काउंटर सेवा, बचत बैंक, मनी आर्डर, स्पीड पोस्ट, डाक जीवन बीमा इत्यादि में आने वाली समस्याओं को लेकर चर्चा की जाएगी। इच्छुक उपभोक्ता डाक सेवा से संबंधित अपनी शिकायत पूर्ण विवरण (शिकायकर्ता का नाम, पता, मोबाइल नंबर)के साथ अधीक्षक डाकघर, रायगढ़ संभाग, रायगढ़, कोतरा रोड कॉमर्स कालेज के पास रायगढ़ में 22 मई या उससे पहले भेज सकते है।

प्लेसमेंट मेला का आयोजन 23 मई को

रायगढ़। योग्य अभ्यर्थियों एवं युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार के निर्देशानुसार 23 मई 2025 को प्रात: 9 बजे से शासकीय आईटीआई चक्रधर नगर, रायगढ़ में प्लेसमेंट मेला का आयोजन होगा। जिसमें निजी प्रतिष्ठान सत्या अर्थ मुवर्स, जेनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड एवं ऑटो सेंटर रायगढ़ में रिक्त विभिन्न 115 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

सर्पदंश के एक प्रकरण में 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

रायगढ़। लैलूंगा अनुविभाग अंतर्गत ग्राम-चंवरपुर तहसील मुकडेगा निवासी पुनीसाय सोरेंग की 1 अगस्त 2024 को सर्पदश के कारण आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। जिसके पश्चात एसडीएम लैलूंगा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान अनुसार मृतक के पुत्र जीवन्ती सोरेंग को 4 लाख रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

ट्रक ने स्कूटी सवार 27 वर्षीय युवती को रौंदा, मौत

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के तेलीबांधा रिंग रोड पर आज सुबह एक गंभीर सडक़ दुर्घटना घटित हुई, जिसमें एक ट्रक ने स्कूटी सवार 27 वर्षीय युवती को रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद नेशनल हाइवे पर भारी जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया। इस हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान तान्या रेड्डी (27 साल) के रूप में हुई है। वह स्कूटी पर सवार होकर तेलीबांधा की दिशा में जा रही थी, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में तान्या की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद रिंग रोड पर लंबा जाम लग गया, जिसे पुलिस ने क्लीयरिंग कर रास्ता बहाल किया। फिलहाल, पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है।

नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख की ठगी,आदिवासी नेता और बेटे पर का आरोप

सूरजपुर (आरएनएस)। सूरजपुर जिले में पीएचई विभाग में कार्यरत एक बाबू और उसके बेटे पर बेरोजगार युवाओं से सरकारी नौकरी का झांसा देकर 10 लाख रुपए की ठगी करने का आरोप लगा है। मामले में पुलिस ने पीडि़तों की शिकायत पर पिता मोहित नेताम और बेटे हेमंत नेताम के खिलाफ सूरजपुर थाना में आईपीसी की धारा 420 और 34 के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता मुरली मनोहर पटेल और रमेश कुमार, दोनों सूरजपुर के निवासी हैं। मुरली ने बताया कि उसकी मुलाकात 2022 में मोहित और हेमंत से हुई थी। कई बार मना करने के बावजूद उन्होंने खुद की सरकारी पहुंच और नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया। मुरली ने तीन गवाहों की मौजूदगी में 12 नवंबर 2022 को नेताम पिता-पुत्र को पांच लाख रुपये नकद दिए। बाद में हेमंत ने दो लाख रुपये और मांगे, जिसे मुरली ने 1 फरवरी 2023 को चेक के जरिए दे दिया। हेमंत ने मुरली को सीएम कोटे से सब-इंस्पेक्टर की नौकरी दिलाने का वादा किया था, लेकिन जब रिजल्ट में नाम नहीं आया, तो मुरली ने अपने पैसे वापस मांगे। अक्टूबर 2024 में हेमंत ने 50,000 रुपये फ ोन पे से लौटाए और बाकी बाद में देने का वादा किया, लेकिन कई महीनों तक टालते रहे और फि र पैसे लौटाने से साफ इंकार कर दिया। दूसरी ओर रमेश कुमार ने आरोप लगाया कि मोहित और हेमंत ने उसे वन विभाग में वन रक्षक की नौकरी दिलाने का भरोसा देकर तीन लाख रुपये ले लिए। पुलिस ने दोनों ही मामलों की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है।

भू-अर्जन के लिए प्रस्ताव या अधिसूचना प्राप्त भूमि की अब नहीं होगी बिक्री, डाइवर्सन या बंटवारा

❒ छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता में किया गया है संशोधन

❒ कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और पंजीयकों को पत्र जारी कर संशोधनों के कड़ाई से पालन के दिए हैं निर्देश

रायगढ़

राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में भू-राजस्व अधिनियम, 2024 के अंतर्गत भू-राजस्व संहिता में संशोधन किया गया है। जिसके अनुसार भू-अर्जन भूमि के अर्जन की प्रक्रिया हेतु अपेक्षक निकाय से किसी प्रस्ताव के प्राप्त होने पर या भू-अर्जन की प्रक्रिया हेतु किसी अधिसूचना के जारी होने पर या खनन के लिये किसी आशय पत्र के जारी होने पर उक्त भूमि की बिक्री, डायवर्सन और बंटवारे पर रोक लगा दिया गया है। छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधरण) दिनांक 03 मार्च 2025 में छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता संशोधन अधिनियम, 2024 में प्रकाशित अनुसार भू-अर्जन से संबंधित संशोधन कर अन्त:स्थापित किये जाने हेतु प्रकाशन किया गया है।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार और पंजीयक एवं उप पंजीयक को पत्र लिखकर शासन के उक्त संशोधनों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। जारी पत्र में उल्लेख है कि मूल अधिनियम की धारा 165 की उप धारा (7ख) के पश्चात (7-ग) उप-धारा (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुये भी, भूमि के अर्जन की प्रक्रिया हेतु अपेक्षक निकाय से किसी प्रस्ताव के प्राप्त होने पर या भू-अर्जन की प्रक्रिया हेतु किसी अधिसूचना के जारी होने पर या खनन के लिये किसी आशय पत्र के जारी होने पर उक्त भूमि का अंतरण नहीं किया जाएगा।

मूल अधिनियम की धारा 172 की उप धारा (2) के पश्चात (2-क) की उपधाराओं (1) एवं (2) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुये भी, अपेक्षक निकाय से किसी प्रस्ताव के प्राप्त होने पर या भू-अर्जन की प्रक्रिया हेतु किसी अधिसूचना के जारी होने पर या खनन के लिये किसी आशय पत्र के जारी होने पर उक्त भूमि का व्यपवर्तन नहीं किया जाएगा।

मूल अधिनियम की धारा 178-ख की उप-धारा (5) के पश्चात (6) उपरोक्त उप-धाराओं में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुये भी, अपेक्षक निकाय से किसी प्रस्ताव के प्राप्त होने पर या भू-अर्जन की प्रक्रिया हेतु किसी अधिसूचना के जारी होने पर या खनन के लिये किसी आशय पत्र के जारी होने पर उक्त भूमि का खाता विभाजन नहीं किया जाएगा।

'ऑपरेशन सिंदूर के साथ राष्ट्र' के तहत रायगढ़ में 17 मई को निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

❒ शहीद चौक से शाम 5 बजे होगी यात्रा की शुरुआत

रायगढ़

सेना के शौर्य और बलिदान को नमन करते हुए रायगढ़ में शनिवार 17 मई को एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा 'ऑपरेशन सिंदूर के साथ राष्ट्र' अभियान के तहत आयोजित की जा रही है। यात्रा 17 मई को शाम 5 बजे शहीद चौक से प्रारंभ होगी और शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरते हुए नटवर स्कूल में समाप्त होगी। आयोजन का उद्देश्य सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान प्रकट करना और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना है। देशभक्ति गीतों व नारों की गूंज और लहराते तिरंगे इस यात्रा को विशेष बनाएंगे। यह यात्रा केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि एकजुट राष्ट्र की भावना का उत्सव होगी। इस यात्रा में रायगढ़ शहर के अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने की अपील की गई है।

पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला, कोतरा रोड पुलिस ने हत्या के प्रयास के अपराध में आरोपी को किया गिरफ्तार

रायगढ़

कोतरारोड़ थाना पुलिस ने एक युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को घटना की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी योगेश्वर उर्फ जोगेश्वर कंवर (50 वर्ष), निवासी ग्राम कलमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

घटना 14 मई की रात की है जब कलमी डीपापारा निवासी रमेश यादव (38 वर्ष) ईंट-बालू सप्लाई के अपने कार्य के लिए दुकान जा रहा था। उसी दौरान रास्ते में गांव का ही जोगेश्वर कंवर, जो पहले से ही रंजिश रखता था, ने पहले गाली-गलौच किया और फिर बस्ती रोड पर दोबारा रास्ता रोककर लकड़ी के बेंट से सिर पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया।

घटना के बाद रमेश यादव ने कोतरारोड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 220/2025 के तहत धारा 109 BNS के अंतर्गत मामला दर्ज किया। जांच में जुटी टीम ने त्वरित दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 296 और 351(1) BNS को भी जोड़ा गया।

आरोपी को मेडिकल परीक्षण के बाद विधिवत गिरफ्तार कर आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

इस त्वरित कार्रवाई में थाना कोतरारोड़ के उप निरीक्षक जे. एक्का, सहायक उप निरीक्षक डी.पी. चौहान, प्रधान आरक्षक करूणेश राय और चंद्रेश पाण्डेय की सराहनीय भूमिका रही।

गौठानों में सुगंधित एवं औषधीय फसलों की अनुबंध खेती से महिला समूहों की आय में होगी वृद्धि-सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव

❒ जिले के 52 स्व-सहायता समूह सह प्रगतिशील किसान रहे उपस्थित

❒ जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित हुआ परिचर्चा एवं प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष रायगढ़ में गौठानों में सुगंधित तथा औषधीय फसलों की अनुबंध खेती विषय पर चर्चा की। इस अवसर पर जिले के कुल 52 स्व-सहायता समूह एवं विकासखंड-रायगढ़, पुसौर, खरसिया, तमनार, घरघोड़ा तथा धरमजयगढ़ के प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

सीईओ यादव ने कहा कि गौठानों में सुगंधित तथा औषधीय फसलों से महिला समूहों को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। इसके लिए उनको प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है, ताकि वे अधिक से अधिक उत्पादकता ले सकें।

इस अवसर पर सुधांशु नाफड़े मैनेजर सनफ्लैंग एग्रोटेक रायपुर द्वारा लेमनग्रास, पामारोजा, तुलसी,चमेली, पिपरमेंट आदि सुगंधित तथा औषधीय फसलों की लाभदायक खेती के संबंध में विस्तृत जानकारी तथा प्रशिक्षण दिया गया। परिचर्चा में उपस्थित स्व सहायता समूह सह प्रगतिशील किसानों द्वारा समूह के अन्य सभी सदस्यों से चर्चा कर प्लानिंग करने के पश्चात अनुबंध खेती हेतु सहमति व्यक्त करने की बात कही गई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गौठानों में सुगंधित एवं औषधीय फसलों की अनुबंध खेती को बढ़ावा देना और किसानों को इस क्षेत्र में प्रशिक्षित करना था। इससे किसानों को अपनी आय बढ़ाने और गौठानों की उत्पादकता में सुधार करने में मदद मिलेगी। गौठानों में सुगन्धित एवं औषधीय फसलों की अनुबंध खेती को बढ़ावा देने से जिले के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होगा। इससे जिले की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और किसानों को अपनी आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।

आयोजित परिचर्चा में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ नीलाराम पटेल एवं महेश पटेल, राजेश साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रायगढ़, अनिल वर्मा, उपसंचालक कृषि जिला रायगढ़, प्रवीण तिवारी (जिला पंचायत बिहान) के साथ, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी रायगढ़ द्वय लेखराम पटेल व सूरजभान सिंह सिदार उपस्थित रहे।

ट्रेलर चोरी मामले में कोतरा रोड पुलिस को मिली बड़ी सफलता, ट्रेलर चोरी के फरार मास्टरमाइंड को किया गिरफ्तार

रायगढ़

ट्रेलर चोरी के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को कोतरारोड़ पुलिस ने पतरापाली, गोरखा रोड से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देश पर चलाए जा रहे फरार आरोपियों की धरपकड़ अभियान के तहत डीएसपी सुशांतो बनर्जी के मार्गदर्शन में कोतरारोड़ पुलिस टीम ने आरोपी को धर दबोचा। टीआई कोतरारोड त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व पर पुलिस पहले भी कई दफा आरोपी की सूचना पर छापेमारी कर रही थी और जिसमें पुलिस को सफलता मिली। फरार आरोपी की राशिद खान उर्फ बाबू खान (52 वर्ष), निवासी गाजीनगर, बीरगांव, थाना उरला, रायपुर काफी समय से ट्रेलर चोरी मामले में फरार था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार स्थान बदल रहा था।

मामला 9 दिसंबर 2024 को उस समय सामने आया था, जब खैरपुर छिंदटिकरा निवासी महबूब खान ने थाना कोतरारोड़ में ट्रेलर क्रमांक CG 11 AB 1587 की चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि ट्रेलर सारथी पेट्रोल पंप के पास खड़ा था, जिसे 6 दिसंबर की रात के बाद अगली सुबह चोरी कर लिया गया। पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 500/24 के तहत धारा 303(2) BNS दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और जीपीएस ट्रैकिंग के साथ मुखबिरों को भी सक्रिय किया। इसी बीच उरला थाना क्षेत्र के मौदहापारा निवासी शेख हमीद के यार्ड में ट्रेलर की अवैध कटिंग की जानकारी मिलने पर कोतरारोड़ पुलिस ग्राहक बनकर शेख हमीद से मिली और सोनडोंगरी स्थित यार्ड पर छापा मारा। वहां से चोरी ट्रेलर से संबंधित उपकरण बरामद किए गए। पूछताछ में शेख हमीद ने खुलासा किया कि ट्रेलर राशिद खान ने चोरी किया था और उसे गाजी खान के माध्यम से यार्ड में लाया गया था। बाद में चोरी ट्रेलर का डाला अब्दुल रफीक उर्फ लाला खान ने फिरोज उर्फ राजा खान के सहयोग से राजा खान के ट्रक में छिपाकर रखा था, जिसकी बरामदगी की गई।

गिरफ्तार आरोपियों में से गाजी खान ने पूछताछ में यार्ड में चोरी का माल ठिकाने लगाने की बात स्वीकार की। उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि पहले से रही है। सभी आरोपियों के खिलाफ समूह में संगठित तरीके से अपराध करने के चलते भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 238, 317(4), 324(5), 111(5), 3(5) BNS भी जोड़ी गई हैं।

इस पूरे प्रकरण में फरार चल रहा मुख्य आरोपी राशिद खान को कोतरारोड़ पुलिस ने गुरुवार की रात पतरापाली, गोरखा रोड क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधि के दौरान गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम, पता बताकर चोरी की वारदात में शामिल होने की बात कबूल की। उसने यह भी बताया कि अन्य साथियों की गिरफ्तारी के बाद वह लगातार छिपता फिर रहा था। उसे विधिवत गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे रिमांड पर भेजा गया।

फरार आरोपी की गिरफ्तारी में थाना कोतरारोड़ के उप निरीक्षक जे. एक्का, सहायक उप निरीक्षक डी.पी. चौहान, प्रधान आरक्षक करूणेश राय और चंद्रेश पाण्डेय की अहम भूमिका रही।

बेमौसम वर्षा से ग्रीष्मकालीन धान को नुकसान

❒ 19 मई तक मौसम में कोई बदलाव नहीं, तेज अंधड़ चलने से लोग परेशान

रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदलने का आसार है। कृषि वैज्ञानिक के अनुसार द्रोणिका मध्यप्रदेश से लेकर छत्तीसगढ़ तक जा रही है। जिसके कारण दक्षिण बस्तर में तथा राजधानी में हल्की से मध्यम वर्षा होने की चेतावनी दी गई है। तेज अंधड़ चलने के कारण होर्डिंग्स में लगे फ्लेक्स उड़ रहे हैं तथा कई झाड़ भी गिर गए हैं।

राजधानी तथा प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में इस समय हो रही वर्षा के कारण यहां ग्रीष्म कालीन धान खराब हो रहा है, वहीं नदी के तट पर लगे खरबूज, तरबुजा खराब हो रहे हैं। राजधानी में तेज हवा चलने के कारण इस समय बिजली विभाग के अधिकारी परेशान हैं। जशपुर सहित कई अन्य क्षेत्रों में वर्षा होने की जानकारी मिली है।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 19 मई तक कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। उसके बाद अधिकतम तापमान में गिरावट संभावित है। बेमौसम वर्षा के कारण राजधानीवासी इस समय परेशान है, लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। हिन्दी पंचाग के अनुसार जेट महीना चल रहा है।

चुनौतियों के आधार पर खुद को ढ़ालना कैरियर के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्किल -कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी

❒ जिला प्रशासन के पहल पर महिलाओं को मिलेगा मुफ्त आवासीय प्रशिक्षण

❒ नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट में आयोजित हुआ मार्गदर्शन सह करियर काउंसलिंग कार्यशाला

रायगढ़

जिला प्रशासन द्वारा जिले में निवासरत महिला एवं छात्राओं के लिए नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट में मार्गदर्शन सह करियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि करियर के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्किल है सीखना। जो स्किल आपके करियर के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है, उसे सीखने के लिए हमेशा तैयार रहें, एडेप्टेबिलिटी सबसे महत्वपूर्ण है। ताकि आपको किसी भी क्षेत्र में भेज दिया जाए आप उसको एडॉप्ट कर अपना करियर स्टार्ट कर सके। नव गुरुकुल आपको वह टूल्स सिखाता हैं, जिसके बाद आप कहीं भी रहे, नई स्किल सीखने में आपको आसानी होगी। इस ट्रेनिंग में आपको सीखने की कला सिखाई जाएगी, क्या सीखना है कितने आगे तक सीखना है यह आपका निर्णय होगा। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को जीवन में सफल होने हेतु टिप्स भी दिए।

सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने कहा कि कलेक्टर चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में यह कार्यशाला महत्वपूर्ण पहल है, क्योंकि कैरियर मार्गदर्शन में केवल मोटिवेट किया जाता रहा है लेकिन इसमें कैरियर बनाने का अवसर भी दिया जा रहा है। अमूमन विद्यार्थी बारहवीं, कॉलेज के बाद आगे क्या करना इस दुविधा में होते है, लेकिन आपके पास एक क्लियर गाइडेंस हो तो जीवन में कुछ भी कर सकते हो, यही कार्य नवगुरुकुल के माध्यम से किया जा रहा है। जिसके माध्यम से आप सेल्फ कॉन्फिडेंस के साथ नई स्किल सीखेंगे और जिससे निश्चित तौर पर सफल होंगे। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत यादव ने बच्चों को इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान पर नव गुरुकुल की फाउंडर निधि द्वारा पूरे प्रशिक्षण सत्र का संचालन किस तरीके से होगा, प्रशिक्षण के दौरान पढ़ाई किस तरीके से पूर्ण की जाएगी और प्रशिक्षण के बाद भविष्य में जॉब की क्या-क्या संभावना है, के संबंध में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों के सवालों का जवाब देते हुए उनकी शंकाओं को भी दूर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए बच्चों के चयन के लिए एक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन स्कैनिंग टेस्ट का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जिले से लगभग 700 छात्राओं एवं उनके पालक उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त कार्यपालन अधिकारी महेश पटेल, डीएमसी नरेंद्र चौधरी, जिला परियोजना अधिकारी साक्षर भारत देवेंद्र वर्मा, एपीसी भुवनेश्वर पटेल, बीईओ घनाराम जाटवर, एबीईओ द्वारिका पटेल, मनोज अग्रवाल बीआरसी, नवगुरुकुल के पार्थ, रायगढ़ विकासखण्ड के सभी सीएसी, पालक सहित उपस्थित रहे।

18 से 24 माह का होगा नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण

रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा रायगढ़ जिले में निवासरत महिलाओं को 18 से 24 माह का कंप्यूटर कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग का प्रशिक्षण देकर उनको प्रोग्रामिंग और स्किल में दक्ष बनाना है। प्रशिक्षण के लिये चयनित महिलाओं एवं छात्राओं को प्रशिक्षण नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसमें नि:शुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था भी होगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480